बाबा श्याम लिया अवतार (बधाई गीत)

बाबा श्याम लिया अवतार (बधाई गीत)
धुनः दुल्हे के सेहरा सुहाना सजता है (काली कंबली वाला)

बाबा खाटू श्याम, लिया अवतार है ।
सारे जग में हो रही जय जयकार है ।।

प्रक्टै श्याम खाटू के राजा । बजे ढोल डफ शहिनाई बाजा ।।
बजत बधाई, नाच रहा संसार है - सारे जग में...

अहिलवती मैया का दुलारा | पांडव कुल का दीप उजियारा ।।
शीश का दानी, लीले पै अस्वार है- सारे जग में...

मुरलीधर घनश्याम सिलोना । नीलमणि बड़ा सुन्दर सोहनां ।।
कृष्ण कन्हैया का यह रूप साकार है- सारे जग में...

कहै 'मधुप' बरसें फुल कलियां रंगरस भीगी श्यामकी गलियां ।।
सज-धज बैठी, खाटू की सरकार है- सारे जग में...

कवि : सुप्रसिद्ध लेखक एवं संकीर्तनाचार्य श्री केवल कृष्ण **'मधुप'** (मधुप हरि जी महाराज) अमृतसर (9814668946)

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/36924/title/baba-khatu-shyam-liya-avtar-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |